प्रादेशिक समाचार
02.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज एनडीए सांसदों की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सभी सांसदों से संसदीय लोकतंत्र के नियमों एवं प्रक्रियाओं का पालन करते हुए अच्छा सांसद बनने का आहवान किया है। इसबारे में जानकारी देते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि बैठक में लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत और बतौर तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत और अभिनंदन किया गया। उन्होंने कहा कि बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी सांसदों से संसदीय लोकतंत्र के नियमों एवं प्रक्रियाओं का पालन करने की बात कही है।

****

झारखंड उच्च न्यायालय में आज राज्य में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित अवमानना याचिका समेत राज्य के 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष और सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई हुई। इस सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया है कि राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन, राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों के पद अगस्त माह के तीसरे सप्ताह तक भर लिए जाएंगे। सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने न्यायालय को बताया कि इन पदों के लिए अगस्त माह तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

****

शहीद पुलिस अधीक्षक अमरजीत बलिहार की ग्यारवी पुण्यतिथि के अवसर पर पाकुड़ के बलिहार पार्क में उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। जिले के उपायुक्त मृतुन्जय कुमार वरनबाल, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार समेत कई पुलिस पदाधिकारियों ने भी नक्सली हमले में शहीद हुए एसपी अमरजीत बलिहार की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान हमले में शहीद हुए जवान मनोज हेम्ब्रम, अशोक श्रीवास्तव, चंदन थापा, राजीव कुमार शर्मा और संतोष कुमार मंडल को भी श्रद्धांजलि दी गयी। बाद में जिले के उपायूक्त ने कहा कि पार्क में एसपी बलिहार की प्रतिमा के साथ ही शहीद हुए पांच जवानों की भी प्रतिमा लगायी जाएगी। गौरतलब है कि आज ही के दिन वर्ष 2013 में दुमका में आयोजित्त बैठक में भाग लेकर लौटते वक्त घात लगाये नक्सलियों ने पुलिस अधीक्षक अमरजीत बलिहार के काफिले पर हमला बोला था। हमले में पुलिस अधिक्षक समेत पांच जवान शहीद हो गए थे।

****

जमशेदपुर के बाजारों में लगे फायर सिस्टम फेल हो गए हैं। जिससे इन क्षेत्रों में आग लगने पर स्थिति भयावाह हो सकती है।

****

अपराध अनुसंधान विभाग, सीआईडी ने झारखंड सहित 18 राज्यों में ठगी करने वाले साइबर अपराधी को हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधी का नाम मकिरेड्डी सुजीत कुमार है। उसके पास से मोबाइल फोन सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं। उसके खिलाफ झारखंड सहित 18 राज्यों में साइबर ठगी के 94 मामले दर्ज हैं ।

****

गोड्डा जिले में स्टॉप डायरिया कैंपेन के तहत शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों के बीच ओआरएस और जिंक टैबलेट बांटे जा रहे हैं। यह अभियान 31 अगस्त तक चलाया जायेगा। सात जुलाई तक घर–घर जाकर इन दवाइयों का वितरण किया जायेगा।

****

जमशेदपुर की परसुडीह पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों की निशानदेही पर छापेमारी कर पुलिस ने चोरी की तीन बाइक भी बरामद की है। डीएसपी विधि व्यवस्था ने बताया कि दो अपराधियों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है।

****

राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में मानसून ने अब रफ्तार पकड़ ली है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि सात जुलाई तक रांची, कोडरमा, हजारीबाग, बोकारो, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, गोड्डा, दुमका समेत राज्य के 17 जिलों में भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

********समाप्त************